# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर--302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल idp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (बी–191/09) /अलेसे–।।/1051 दिनांक :– 27-01-2021

## कार्यालय आदेश

निदेशालय के आदेश संख्या 192 दिनांक 20.09.2019 द्वारा श्री भभूताराम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी, सम मुख्यालय, जैसलमेर का स्थानान्तरण कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड द्वितीय जैसलमेर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। के पद को रिक्त मानते हुए किया गया जिसकी पालना में श्री भभूताराम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। द्वारा दिनांक 23.10.2019 को उक्त कार्यालय में कार्यग्रहण कर लिया गया। निदेशालय के अन्य आदेश संख्या 130 दिनांक 30.03.2019 के तहत् कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड द्वितीय में कार्यरत कार्मिक श्री चतर सिंह राजपुरोहित का स्थानान्तरण कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय में किया गया था। उक्त आदेश पर कार्मिक श्री राजपुरोहित द्वारा माननीय प्राधिकरण से स्थगन आदेश प्राप्त कर लेने के कारण कार्मिक को इस कार्यालय द्वारा आदिनांक तक कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय के लिए कार्यमुक्त नहीं किया गया है, जिसके फलस्वरूप उसी पद पर नवस्थानान्तरित कार्मिक श्री भभूताराम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। को इस कार्यालय द्वारा माह नवम्बर एवं दिसम्बर, 2019 का वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है। अतः राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के निम्नांकित कार्मिक की कॉलम संख्या 05 में अंकित अवधि के वेतन आहरण की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है:–

| क्र. सं. | लिंक नं. | नाम / पदनाम | विभाग / कार्यालय जहां से वेतन भुगतान किया जाना है | अवधि / माह जिसका वेतन भुगतान किया जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 6139 | श्री भभूताराम, सलेअ–।। | कोषाधिकारी, जैसलमेर | माह नवम्बर एवं दिसम्बर, 2019 |

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (बी–191/09) /अलेसे–।।/ 1051 दिनांक :– 27-01-2020

**प्रतिलिपि** :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. कोषाधिकारी, जैसलमेर।
2. अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड द्वितीय, जैसलमेर।
3. श्री भभूताराम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।।, कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड द्वितीय, जैसलमेर।
4. उपनिदेशक (एसीपी) को वेबसाईट पर अपलोड / पीआईएस में इन्द्राज करने हेतु।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–।।)